दिन– रविवार

दिनांक– 20 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने मनरेगा के मजदूरों को बकाया भुगतान के लिए इक्कीस सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की।

02. वक्फ संशोधन कानून के विरोध में किशनगंज से जदयू के जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक मुजाहिद आलम ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी से इस्तीफा दिया।

03. भाजपा वक्फ संशोधन कानून के फायदों को लेकर पांच मई तक अभियान चलायेगी। विभिन्न प्रखंडों में लोगों से सीधा संवाद किया जाएगा।

04. और, रेलवे ने मधुबनी से पटना के बीच नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन को मंजूरी दी। सहरसा से मुम्बई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस भी चलेगी।

---

मनरेगा के तहत मजदूरों के बकाया भुगतान के लिए केंद्र सरकार ने बिहार के लिए इक्कीस सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इससे बारह लाख से अधिक मजदूरों के बकाया राशि का भुगतान हो सकेगा। राशि के अभाव में पिछले वर्ष सत्ताईस दिसम्बर से मजदूरों को भुगतान बंद था। इस राशि में से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के श्रमिकों के लिए साढ़े चार सौ करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान होगा। वहीं अन्य वर्ग के श्रमिकों को लगभग सोलह सौ सैंतालीस करोड़ रूपये की मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। श्री चौधरी ने इसे चौबीस  अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा से पहले एक बड़ी सौगात बताया है।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मीडिया के लिए विषय वस्तु तैयार करने वाले लोगों और उनकी अर्थव्यवस्था में आमूलचूल बदलाव हो रहा है। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स से पहले श्री वैष्णव ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रौद्योगिकी के साथ पुराना मॉडल नए मॉडल को रास्ता दे रहा है और नए अवसरों के साथ–साथ चुनौतियां भी पेश कर रहा है। उन्होंने

कहा कि वेब्स विश्व स्तर पर विषय वस्तु तैयार करने वालों, खरीददारों और बाजार के लिए एक सम्पर्क के रूप में उभर रहा है।

---

वक्फ संशोधन कानून के विरोध में जनता दल यूनाईटेड के किशनगंज के जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक मास्टर मुजाहिद आलम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कल उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वक्फ कानून पर वे जनता दल यूनाईटेड के रूख से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को इसका समर्थन नहीं करना चाहिए था। मुजाहिद आलम पिछली बार लोकसभा चुनाव में जनता दल यूनाईटेड के उम्मीदवार थे। वे पिछले पंद्रह वर्षों से पार्टी से जुड़े हुए थे।

---

भाजपा वक्फ संशोधन कानून के फायदों को लेकर पांच मई तक प्रदेश में अभियान चलायेगी। इसके तहत विभिन्न प्रखंडों में लोगों से सीधा संवाद किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि वक्फ को लेकर विपक्ष लोगों को भ्रमित कर रहा है।

---बाइट---

पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्धिकी ने कल पटना में कहा कि वक्फ कानून इस्लाम के विरूद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक नहीं बल्कि संपत्ति से जुड़ा मामला है और सरकार ने पारदर्शिता के लिए यह कानून बनाया है। इससे गरीब और पिछड़ें मुस्लमानों को फायदा होगा।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां आज पटना में आयोजित पसमांदा कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे। इसका आयोजन पटना के बापू सभागार में ऑल इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम मोर्चा द्वारा किया गया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि हज यात्रियों के लिए हज यात्रा, दो हजार पच्चीस के दौरान एयरपोर्ट तक जाने के पूर्व आवासन, भोजन और आवागमन के लिए सभी सुविधाएं राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने

पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था करें, ताकि हज यात्रियों को किसी तरह का कष्ट न हो और उनकी यात्रा सुगमता पूर्वक संपन्न हो सके। मुख्यमंत्री ने कल एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में हज यात्रा– दो हजार पच्चीस की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक की और पदाधिकारियों को निर्देश दिये। श्री कुमार ने बताया कि इस वर्ष बिहार से तेरह सौ इक्यानवे पुरूष और एक हजार बारह महिला समेत कुल दो हजार चार सौ तीन हज यात्री हज के लिए मक्का, सउदी अरब जायेंगे।

---

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज दोपहर बक्सर के दलसागर खेल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री खरगे आज पटना आयेंगे। इसके बाद वे सीधे बक्सर रवाना हो जायेंगे।

---

नगर विकास और आवास मंत्री जिवेश कुमार ने बेतिया नगर निगम के सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान नौ करोड़ सतहत्तर लाख रूपये के कुल तिहत्तर योजनाओ का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारो से बातचीत करते हुये उन्होने कहा की इससे जिलेवासियों को काफी सुविधा होगी।

–––बाइट–––

नगर विकास मंत्री ने कहा कि बेतिया में जल–जमाव की समस्या के समाधान के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा है कि न्यायपालिका में एआई की बढ़ती भूमिका के बावजूद मानव हस्तक्षेप अनिवार्य बना रहेगा। पुणे में कानून में एआई विषय पर आयोजित एक कानूनी सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मेघवाल ने ई–कोर्ट्स परियोजना के तहत एक वर्चुअल हाईकोर्ट बेंच के प्रस्ताव की घोषणा की। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नोटरी से संबंधित समस्याओं का समाधान पंद्रह दिनों के भीतर कर दिया जाएगा।

---

प्रदेशवासियों को नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित चार नई रेलगाड़ियों की सौगात मिलेगी। इसमें मधुबनी से पटना के बीच नमो भारत, सहरसा से मुम्बई तक अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का प्रस्ताव है। इसके अलावा सहरसा से सुपौल और सहरसा से समस्तीपुर के लिए दो नये मेमू पैसेंजर ट्रेन का भी परिचालन शुरू होगा। संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर मधुबनी से इसे रवाना करेंगे। मधुबनी से पटना के बीच यह पहली नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन है और यह अधिकतम एक सौ अस्सी किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाई जा सकती है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में सत्रहवें सिविल सेवा दिवस पर लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए सोलह प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे।

---

शिक्षा विभाग ने कहा है कि स्कूलों में कक्षा तीन तक के बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कक्षा तीन तक के बच्चों को भोजपुरी, मैथिली सहित अन्य स्थानीय भाषाओं में पढ़ाया जाएगा। शनिवार शिक्षा संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चेतना सत्र कार्यक्रम में बच्चों को अलग–अलग प्रकार की गतिविधियां सीखाई जायेंगी। इस दौरान राष्ट्रगान, प्रार्थना और राष्ट्र भावना को जागृत करने वाली गतिविधियां बताई जायेंगी। इसके अलावा बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य रक्षा की भी जानकारी दी जाएगी।

–––बाइट–––

---

प्रदेश में छह जिलों में स्थित तीस स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था एक मई से शुरू होगी। इसके तहत शिक्षक और छात्र अपनी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करायेंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने पटना, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद, सारण और भोजपुर में पांच–पांच स्कूलों में टैब दिया गया है। इसके अलावा मिड डे मिल की भी ऑनलाइन रिकॉर्डिंग की जाएगी।

---

बेगूसराय में एक पैसेंजर ट्रेन आग लगने से बड़ी दुर्घटना का शिकार होते बाल–बाल बच गयी। तिलरथ से जमालपुर जा रही डीएमयू पैसेंजर ट्रेन में दनौली–फुलवरीया के पास आग लग गई। ट्रेन के चालक ने घटना की जानकारी होते ही रेलगाड़ी को रोक दिया और आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

---

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी आने से प्रदेश में एक बार फिर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम भागों के एक–दो स्थानों पर हल्की बारिश और उत्तर–पूर्व के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णियां में एक–दो स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

–––बाइट–––

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य के दक्षिणी–पश्चिमी हिस्सों में तेईस अप्रैल से गर्मी में बढ़ोतरी की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर लू जैसी स्थिति हो सकती है।

---

अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत के अमरौरी में अचानक भीषण आग लग गई। अगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति सहित कई घर जलकर नष्ट हो गए है। अग्निशमन विभाग की चार दमकल की गाड़ियां से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है।

कटिहार रेल पुलिस और आरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाकर कटिहार रेलवे स्टेशन परिसर से नशा खुरानी गिरोह के मुख्य सरगना मो. सलमान सब्जी को गिरफ्तार किया है। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल ने मोबाइल चोर गिरोह के तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्र में अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिंदुस्तान** की सुर्खी है – मनरेगा मजदूरों को बकाया राशि जल्द। केंद्र सरकार ने बिहार का बकाया दो हजार एक सौ दो करोड़ रूपये आवंटित किया।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – प्रदेश से दो हजार चार सौ तीन हज यात्री जायेंगे मक्का। **दैनिक भास्कर** ने आईपीएल की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुए लिखा है – चौदह साल के समस्तीपुर के वैभव आईपीएल के सबसे युवा खिलाड़ी। पहली ही गेंद पर मारा छक्का। **प्रभात खबर** ने जेइई मेन्स की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है – बेगूसराय के हर्ष को सौ पर्सनटाईल, मधुबनी के अब्दुला बने स्टेट टॉपर। **राष्ट्रीय सहारा** ने विशेष स्टोरी प्रकाशित करते हुए लिखा है – सियाचीन ग्लेशियर में तैनात सैनिक वीर अब मोबाईल नेटवर्क में। **दैनिक आज** लिखता है– पटना में रात दस बजे के बाद नहीं चलेगा बैंड, बाजा–बारात।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने मनरेगा के मजदूरों को बकाया भुगतान के लिए इक्कीस सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की।

02. वक्फ संशोधन कानून के विरोध में किशनगंज से जदयू के जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक मुजाहिद आलम ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी से इस्तीफा दिया।

03. भाजपा वक्फ संशोधन कानून के फायदों को लेकर पांच मई तक अभियान चलायेगी। विभिन्न प्रखंडों में लोगों से सीधा संवाद किया जाएगा।

04. और, रेलवे ने मधुबनी से पटना के बीच नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन को मंजूरी दी। सहरसा से मुम्बई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस भी चलेगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।